दिनांक 09.11.2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

कोहका में हो रहा था अवैध प्लाटिंग , निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर की कार्रवाई , बाउंड्रीवाल किया ध्वस्त

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के कोहका क्षेत्र अंतर्गत रुंगटा कॉलेज के पीछे राजा गार्डन के पास अवैध रूप से प्लाटिंग तैयार करने की मंशा से जमीन को समतल कर प्रिकास्ट वाल से बाउंड्रीवाल निर्माण करने का मामला सामने आया है। कोहका कुरूद की सीमा से लगे हुए नाला किनारे की जमीन पर अवैध प्लाटिंग की सूचना मिलने पर जोन 01 के आयुक्त सुनील अग्रहरी , तहसीलदार योगेन्द्र वर्मा तथा राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और भू स्वामी की जानकारी प्राप्त की लेकिन इस दौरान मौके पर कोई भी व्यक्ति उपस्थित नहीं होने के कारण भूमि स्वामी की जानकारी नहीं हो पाई। जोन आयुक्त व तहसीलदार की उपस्थिति में राजस्व विभाग की टीम प्लाटिंग करने के उददेश्य से बनाए गए मार्ग संरचना , चूना मार्किंग से किए गए ले आउट और प्रिकास्ट से बनाए गए 200 मीटर बाउंड्रीवाल को जेसीबी से ध्वस्त किया। तहसीलदार ने अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरूद्ध अपराध दर्ज कार्यवाही करने के लिए कहा है। जोन 01 नेहरू नगर क्षेत्रांतर्गत कोहका भेलवा तालाब राजा गार्डन के पास करीब 2 एकड़ में अवैध प्लाटिंग की शिकायत पर आज कार्यवाही की गई। विदित है कि निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग व अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने सभी जोन आयुक्तों को दिए है! इसी के तहत आज कार्रवाई की गई! कोहका और कुरूद की सीमा स्थल , नाले के किनारे से लगी हुई जमीन पर अज्ञात लोगों द्वारा अवैध प्लाटिंग की मंशा से जमीन को समतल कर डस्ट से मार्ग संरचना , चूना लाइनिंग छोटे सीमेंट के पोल से ले आउट तथा नाले के किनारे प्रिकास्ट वाल से बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया था , जिसे जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त करते हुए सभी प्रकार के अवैध निर्माण को हटाया गया। जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त किए गए प्रिकास्ट वाल और मार्ग संरचना के लिए बिछाए गए मलबे को जप्त किया गया! इस कार्य में दो जेसीबी और दो डम्फर संलग्न किया गया था। कार्यवाही के दौरान शरद दुबे , राजेश गुप्ता, दौलत चंन्द्राकर, सहित राजस्व विभाग की टीम उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी